हिमाचल प्रदेश सरकार

श्रम एवं रोजगार विभाग

वार्षिक

प्रशासनिक रिपोर्ट

2015—2016

विषय सूचि

क्र0 सं0	अध्याय	विषय	पृष्ठ
1.	अध्याय–1	परिचय	3
2.	अध्याय–2	संगठनात्मक ढांचा	4–9
3.	अध्याय–3 **(1)**	(क) कौशल विकास भत्ता योजना, 2013	10–13
	(1)	(ख) मॉडल कैरियर सैन्टर	13–14
	(2)	(क) रोज़गार शाखा	14–16
	(2)	(ख) विशेष रोज़गार कक्ष(विकंलागो हेतु)	16
	(2)	(ग) केन्द्रीय रोज़गार कक्ष की गतिविधियां	16–17
	(2)	(घ) रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम	17–22
4.	अध्याय–4	श्रम खण्ड	23–33
5.	अध्याय–5	श्रम न्यायालय एंव औधोगिक न्याय प्राधिकरण	34–35
6.	अध्याय–6	बजट/वास्तविक खर्च वर्ष 2015–16	36–38
7.	अध्याय–7	सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के अर्न्तगत अधिसूचना दिनांक 10–4–2007	39–47
8.	अध्याय–8	सूचना का अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत 31 मार्च 2016 की स्थिति दर्शाती विभागीय ए0पी0आई0ओ0,पी0आई0ओ0 व एपीलेट अथोरिटी का विवरण	48–61

श्रम एवं रोज़गार विभाग की वित्त वर्ष 2015–2016 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

अध्याय–1

परिचय

श्रम एवं रोज़गार विभाग, वर्ष 1972 से एक अलग विभाग के रूप में अस्तित्व में आया है तब से हिमाचल प्रदेश के मित्रतापूर्ण, परिश्रमी एवं आशावादी लोगों की सेवा में दृढ़ संकल्प होकर कार्य कर रहा है।

श्रम एंव रोज़गार विभाग, हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिये तीन स्तरों पर सेवाए उपलब्ध करवाता हैः–

1. **रोज़गार प्राप्ति से पहले सेवाएंः–** विभाग अपने रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास तथा जीविका परामर्श/व्यवसायिक मार्गदर्शन से सम्बन्धित सेवाएं उपलब्ध करवाता है। इसके तहत पात्र युवा आवेदकों को 1000/–रूपये /1500/–रूपये की दर से कौशल विकास भत्ता प्रतिमाह दिया जाता है, जिससे उनकी दक्षता का स्तर बढ़े, तथा वे आसानी से अपनी आजीविका का निर्वाह कर सके।
2. **रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये सेवाएं :–** विभाग प्रदेश में स्थित रोज़गार कार्यालयों के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र/निजि क्षेत्र के नियोक्ताओं की मांगानुसार पात्र पंजीकृत आवेदक के नामों का सम्प्रेषण करता है। निजि क्षेत्र के नियोक्ताओं की जन–शक्ति की मांग को पूरा करने के लिये केन्द्रीय रोज़गार कक्ष के माध्यम से कैम्पस इन्टरव्यू/रोज़गार मेलों का आयोजन करवाया जाता हैं। इसके अतिरिक्त रोज़गार कार्यालयों (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 को लागू करना तथा उक्त अधिनियम के अन्तर्गत सार्वजनिक/निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं से रोजगार के आंकड़े एकत्रित करने का कार्य किया जाता है।
3. **रोज़गार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं :–** इसके अर्न्तगत श्रम कानूनों (जिनकी संख्या 28 केन्द्रीय एवं राज्य है) के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा कारखानों में औद्योगिक शान्ति, सोहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करना, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत श्रमिकों एवं प्रबन्धकों के बीच मामलों को शीघ्रता से निपटाने हेतु स्थापित दो श्रम न्यायालय एंव औद्योगिक प्राधिकरणों में पूर्णकालिक पीठासीन अधिकारी कार्यरत हैं, जिनका मुख्यालय शिमला व धर्मशाला में स्थित है। कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत मुख्यतः कारखानों का पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनमें कार्यरत कामगारों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित प्रावधानों का कार्यान्वयन किया जाता है।

श्रम एवं रोज़गार विभाग का संगठनात्मक ढांचा तथा वर्ष 2015–2016 में इस विभाग द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों का ब्यौरा, बजट विवरण एंव सूचना का अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित सूचना इस प्रशासनिक रिपोर्ट के अगले भागों में दी गयी है।

अध्याय–2

श्रम एवं रोज़गार विभाग का संगठनात्मक ढांचा

2015–16 में श्रम एवं रोज़गार विभाग ने माननीय उद्योग श्रम एवं रोज़गार मंत्री की देख रेख में कार्य किया जो इस विभाग के प्रभारी मन्त्री हैं। सरकार स्तर पर सचिवालय में प्रधान सचिव (श्रम एवं रोज़गार) तथा अवर सचिव (श्रम एवं रोज़गार) द्वारा सहयोग दिया गया।

श्रम एवं रोज़गार विभाग के निदेशालय स्तर पर श्रमायुक्त एवं निदेशक रोज़गार ''विभागाध्यक्ष'' के रूप में कार्यरत हैं।

निदेशालय स्तर पर विभाग मुख्यतः तीन भागों में विभाजित हैः–

1. (क) निदेशालय स्तर पर श्रम खण्ड का कार्य श्रमायुक्त की देखरेख में संयुक्त श्रमायुक्त एवं उप–श्रमायुक्त द्वारा संचालित किया जाता है। कारखाना अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत श्रमायुक्त को ''मुख्य कारखाना निरीक्षक'' घोषित किया गया हैं तथा संयुक्त–श्रमायुक्त ''अतिरिक्त मुख्य कारखाना निरीक्षक'' एंव उप–श्रमायुक्त ''उप मुख्य कारखाना निरीक्षक'' घोषित किये गये हैं।

(ख) कारखाना अधिनियम, 1948 को कार्यान्वित करने के लिये दो उप निदेशक कारखाना के पद सृजित हैं जिनमें से एक शिमला में तथा एक ऊना में स्वीकृत है। एक पद सहायक निदेशक (कारखाना) रसायन का रिक्त है।

इन का कार्यक्षेत्र निम्न प्रकार से विभाजित हैः–

1. उप निदेशक कारखाना–शिमला
   जिला–शिमला, किन्नौर, बिलासपुर, सोलन (बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ के औद्योगिक क्षेत्र को छोडकर)।

2. उप निदेशक कारखाना, ऊना
   जिला–कांगडा, चम्बा, ऊना, हमीरपुर, मण्डी, कुल्लु, लाहौल–स्पीति व सिरमौर तथा बद्दी, बरोटीवाला तथा नालागढ़ का औद्योगिक क्षेत्र।
   उप निदेशक (कारखाना) शिमला, निदेशालय का कार्य जो कि कारखाना खण्ड से सम्बन्धित है, भी देख रहे हैं।

(ग) इसी प्रकार निदेशालय स्तर पर रोज़गार से सम्बन्धित कार्य–कलापों के लिये निदेशक रोज़गार की देख रेख में उप–निदेशक रोज़गार, रोज़गार तथा रोज़गार अधिकारी (केन्द्रीय रोज़गार कक्ष) कार्यरत रहे हैं जो कि रोज़गार शाखा, राज्य व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम, अपंगो हेतु विशेष रोज़गार कक्ष, कौशल विकास भत्ता योजना शाखा तथा केन्द्रीय रोज़गार कक्ष के कार्यों की देखरेख करते हैं।

2. श्रम एवं रोजगार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों का विवरणः

(क) श्रम कानूनों को लागू करने के लिये 12 श्रम अधिकारी तथा 33 श्रम निरीक्षक नियुक्त हैं। श्रम अधिकारी तथा उनके कार्यक्षेत्र का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

1. श्रम अधिकारी, शिमला	उप–मण्डल शिमला (शहरी एंव ग्रामीण), उप मण्डल चौपाल एंव ठियोग तहसील
2. श्रम अधिकारी, रामपुर	रामपुर, रोहड़ू तथा डोडरा–क्वार उप–मण्डल तथा कुमारसैन तहसील जिला शिमला तथा उप–मण्डल आनी जिला कुल्लू
3. श्रम अधिकारी, सोलन	उप–मण्डल सोलन, कण्डाघाट, अर्की तथा कसौली तहसील (बद्दी–बरोटीवाला औद्योगिक क्षेत्र को छोडकर)
4. श्रम अधिकारी, बद्दी	तहसील नालागढ़ तथा औद्योगिक क्षेत्र बद्दी बरोटीवाला
5. श्रम अधिकारी, नाहन	जिला सिरमौर
6. श्रम अधिकारी, मण्डी	जिला मण्डी
7. श्रम अधिकारी, कुल्लू	जिला कुल्लु,(उप–मण्डल आनी को छोड़कर) उदयपुर तथा केलांग उप–मण्डल
8. श्रम अधिकारी, किन्नौर	जिला किन्नौर व उप मण्डल काजा
9. श्रम अधिकारी, धर्मशाला	जिला कांगडा
10.श्रम अधिकारी, चम्बा	जिला चम्बा
11.श्रम अधिकारी, बिलासपुर	जिला बिलासपुर एवं हमीरपुर
12.श्रम अधिकारी, ऊना	जिला ऊना

(ख) कारखाना अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत प्रदेश को दो खण्डों में विभाजित किया गया है। इनमें से एक खण्ड का मुख्यालय शिमला में स्थापित है जबकि दूसरे खण्ड का मुख्यालय ऊना में स्थापित है ।

(ग) रोज़गार खण्ड में 3 क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, 2 विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो, 9 जिला रोज़गार कार्यालय तथा 55 उप–रोज़गार कार्यालय कार्यरत हैं, जिनका विवरण निम्न है :–

क्रमांक	कार्यालय का नाम	अधीनस्थ कार्यालय का विवरण
1.	क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, शिमला	कुमारसैन, मशोबरा, ठियोग, रामपुर–बुशैहर, रोहड़ू, जुब्बल, सुन्नी, चौपाल, चिड़गांव, डोडराक्वार तथा कुपवी
2.	क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, मण्डी	सुन्दरनगर, जोगिन्द्रनगर, करसोग, सरकाघाट, तथा गोहर
3.	क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, धर्मशाला	पालमपुर, ज्वाली, नूरपुर, लम्बागांव, नगरोटा–सूरियॉं, बैजनाथ, इन्दौरा, बडोह, देहरा, फतेहपुर एवं डाडासीबा
4.	जिला रोज़गार कार्यालय चम्बा	डलहौजी, भरमौर, पांगी, चुवाड़ी, तीसा एवं सलूणी स्थित सुन्डला
5.	जिला रोज़गार कार्यालय, हमीरपुर	नदौन, भौरंज, बडसर एवं सुजानपुर
6.	जिला रोज़गार कार्यालय, बिलासपुर	घुमारवीं एवं श्री नैना देवी जी
7.	जिला रोज़गार कार्यालय, कुल्लु	बंजार एवं आनी
8.	जिला रोज़गार कार्यालय, सोलन	नालागढ, अर्की एवं कसौली
9.	जिला रोज़गार कार्यालय, नाहन	पांवटा–साहिब, राजगढ़, शिलाई, संगड़ाह, सराहां एवं कमराऊ
10.	जिला रोज़गार कार्यालय, केलॉंग	काज़ा एवं उदयपुर
11.	जिला रोज़गार कार्यालय किन्नौर स्थित रिकांग पीओ	पूह एवं निचार
12.	जिला रोज़गार कार्यालय, ऊना	अम्ब

13.	सूचना एंव मार्गदर्शन केन्द्र हि0 प्र0 विश्वविद्यालय, शिमला	इस कार्यालय के अधीन कोई कार्यालय नहीं है।
14.	सूचना एंव मार्गदर्शन केन्द्र हि0 प्र0 विश्वविद्यालय, पालमपुर	–यथोपरि –
15.	निदेशालय श्रम एंव रोज़गार में स्थित	केन्द्रीय रोज़गार कक्ष
16.	निदेशालय श्रम एंव रोज़गार में स्थित	विशेष रोज़गार कार्यालय (अपंगों हेतु)

3. वर्ष 2015–2016 में श्रम एवं रोजगार विभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति/नियुक्ति तथा पदोन्नति का विवरण:

2	**नई नियुक्तियां**	
1.)	लिपिक अनुबन्ध आधार पर	11
3	**पदोन्नतियां**	
1.)	जिला रोज़गार अधिकारी	2
2.)	अधीक्षक ग्रेड–I	2
3.)	अधीक्षक ग्रेड–II	4
4.)	रोज़गार अधिकारी	1
5.)	वरिष्ठ सहायक	5
4	**दैनिक वेतन भोगी से नियमित किये गये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी**	30
5	**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 20 साल की सेवा पूरी करने पर अतिरिक्त वेतन वृद्दि का लाभ दिया गया ।**	1
6	**सेवानिवृति**	

1.)	प्रथम श्रेणी	3
2.)	द्वितीय श्रेणी	5
3.)	तृतीय श्रेणी	2
4.)	चतुर्थ श्रेणी	2

श्रम एवं रोज़गार विभाग में कुल 411 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 31—3—2016 को 97 पद रिक्त है जिनका ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः—

क्रमांक	पद का नाम	स्वीकृत पद	भरे पद	रिक्त पद
1.	श्रमायुक्त एवं निदेशक रोज़गार (भा॰प्र॰से॰)	1	1	—
2.	पीठासीन अधिकारी	2	2	—
3.	संयुक्त श्रमायुक्त	1	1	—
4.	उप श्रमायुक्त	1	1	—
5.	उप निदेशक रोज़गार	1	...	1
6.	उप निदेशक कारखाना	2	2	—
7.	स्हायक निदेशक कारखाना (रसायन)	1	....	1
8.	क्षेत्रीय रोज़गार अधिकारी	3	...	3
9.	जिला रोज़गार अधिकारी	10	9	1
10.	अधीक्षक ग्रेड— I	1	1	—
11.	श्रम अधिकारी	12	12	—
12.	रोज़गार अधिकारी	10	7	3
13.	विधि अधिकारी	1	1	—
14.	निजि सहायक	1	..	1
15.	अधीक्षक ग्रेड— II	12	10	2
16.	वरिष्ठ आशुलिपिक	2	2	—
17.	वरिष्ठ सहायक	62	50	12
18.	सांख्यिकीय सहायक	11	4	7
19.	श्रम निरीक्षक	33	32	1
20.	कम्पयूटर ऑप्रेटर	1	1	—
21.	कनिष्ठ आशुलिपिक	1	..	1

22.	आशुटंकक	4	4	–
23.	चालक	5	5	–
24.	लिपिक/कनिष्ठ सहायक	128	71	57
25.	दफ्तरी	4	1	3
26.	चौकीदार	13	13	–
27.	चपड़ासी	83	83	–
28.	सफाई कर्मचारी	4	...	4
29.	फ्राश	1	1	–
	जोड़	**411**	**314**	**97**

श्रम एवं रोज़गार विभाग के अर्न्तगत बनाये जा रहे भवनों का विवरणः

श्रम एवं रोज़गार विभाग, हिमाचल प्रदेश के अधीन 109 कार्यालय कार्यरत हैं।

(क) विभागीय 23 कार्यालय जो सरकारी भवनों में हैंः–

श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक प्राधिकरण शिमला तथा धर्मशाला, क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय मण्डी तथा शिमला, विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एंव मार्गदर्शन ब्यूरो शिमला एंव पालमपुर जिला रोज़गार कार्यालय चम्बा, तथा रिकांग–पीओ, श्रम अधिकारी कार्यालय मण्डी, बद्दी तथा रामपुर बुशैहर, श्रम निरीक्षक कार्यालय रामपुर बुशैहर, मण्डी, परवाणु, नालागढ, बद्दी, तथा पांवटा साहिब एवं उप रोज़गार कार्यालय रामपुर बुशैहर, नालागढ, भरमौर, डोडरा–क्वार, काज़ा एंव चिड़गांव।

(ख) विभागीय 49 कार्यालय जो विभागीय भवनों में हैंः–

श्रम एवं रोज़गार निदेशालय शिमला, उप–निदेशक कारखाना शिमला, उप–निदेशक कारखाना ऊना, क्षेत्रीय रोज़ग़ार कार्यालय धर्मशाला, जिला रोज़गार कार्यालय ऊना, बिलासपुर, नाहन, कुल्लु व सोलन, श्रम कार्यालय धर्मशाला, बिलासपुर, कुल्लू व सोलन, एंव श्रम निरीक्षक कार्यालय, धर्मशाला, बिलासपुर, कुल्लु, अम्ब, सुन्दरनगर, पालमपुर, देहरा, नूरपुर, नाहन, नालागढ़ व सोलन तथा उप–रोज़गार कार्यालय पांगी, तीसा, अम्ब, सराहां, गोहर, बैजनाथ, पालमपुर, देहरा, इन्दौरा, जोगिन्द्रनगर, करसोग, सरकाघाट, सुन्दरनगर, पूह, संगड़ाह, सुजानपुर टिहरा, ज्वाली, राजगढ़, चुवाडी फतेहपुर एंव चौपाल, उदयपुर एंव नालागढ़।

(ग) विभागीय जिला रोज़गार कार्यालय, ऊना को मॉडन कैरियर सैन्टर बनाने का कार्य निर्माणाधीन हैंः–

शेष कार्यालय निजी भवनों में स्थित हैं।

अध्याय–3

जैसा कि इसी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन के परिचय में वर्णित है विभाग हिमाचल प्रदेश की जनता को तीन स्तरों पर सेवाएं प्रदान करता है।

(1) रोज़गार प्राप्ति से पहले सेवाएं

(क) कौशल विकास भत्ता योजना, 2013:–

- स्किल डवैलपमैन्ट ऐलौन्स स्कीम 2013 अर्थात कौशल विकास भत्ता योजना को हि0प्र0 सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या–श्रम(डी) 1–2/2013 दिनांक 21.5.2013 द्वारा अधिसूचित किया गया तथा अधिसूचना की तिथि से लागू किया जा रहा है।
- योजना का उदेश्य हि0 प्र0 के बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने की क्षमता बढ़ाने हेतू आर्थिक सहायता प्रदान करना है।
- योजना के अर्न्तगत पात्र हिमाचली आवेदकों को रु0 1000/– प्रतिमाह की दर से व 50 प्रतिशत या इससे अधिक स्थायी विकलांग आवेदकों को रु0 1500/– प्रतिमाह की दर से कौशल विकास भत्ता प्रशिक्षण के दौरान अधिकतम दो वर्ष तक देय है।
- कौशल विकास भत्ता हेतू पात्रता शर्तें निम्न लिखित हैं:

1. आवेदक हिमाचल प्रदेश का वास्तविक निवासी हो,
2. बेरोजगार (न सरकारी, न निजी रोज़गार, न ही स्वरोजगार) हो,
3. कम से कम 8वी पास हो (मिस्त्री, बढ़ई, लुहार व पलम्बर आदि में प्रशिक्षण हेतू शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है),
4. आयु 16 से लेकर 36 वर्ष से कम,
5. पारिवरिक वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम,
6. आवेदन की तिथि को आवेदक हि0प्र0 के किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिये,
7. कौशल विकास पाठयक्रम में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित, योजना के अर्न्तगत स्वीकार्य एंव अस्वीकार्य प्रशिक्षण की गाईडलाईन्ज/सूचि के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा/रही हो।

- योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31.03.2016 तक 1,14,298 अभ्यर्थियों को रु0 82.66करोड़ की राशि कौशल विकास भत्ते के रुप में विभाग द्वारा वितरित की जा चुकी है।

वित्तीय वर्ष 2013—14, 2014—15 तथा 2015—16 के दौरान दिए गए भत्ते तथा लाभार्थियों की संख्या बारे विवरणः

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि रु0 में
2013—14	42,077	13,96,48,500
2014—15	52,815 (21,126 ऐसे लाभार्थी हैं जो पिछले वित्तीय वर्ष से जारी कर रहे हैं और 31,689 आवेदक इस वित्तीय वर्ष में इनरोल किए गए।)	28,69,15,854
2015—16	67,753 (जिनमें कि 27,221 अध्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 40,532 इस वित्तीय वर्ष के नए अध्यर्थी हैं)	40,00,74,500
कुल	**1,14,298**	**82,66,38,854**

- **योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31.03.2016 तक जिलाबार विवरण निम्न प्रकार से हैंः**

क0 सं0	जिला का नाम	कुल लाभार्थी	वितरित भत्ता राशि रु0 में
1	कांगड़ा	29,182	23,36,15,500
2	सिरमौर	14,487	8,62,17,000
3	मण्डी	13,860	8,19,33,000

4	हमीरपुर	10,403	7,35,37,000
5	ऊना	10,178	8,53,49,854
6	चम्बा	7,621	6,33,31,500
7	सोलन	7,254	5,26,57,000
8	बिलासपुर	7,047	4,25,62,000
9	कुल्लू	6,770	5,07,53,000
10	शिमला	6,693	4,97,19,000
11	किन्नौर	580	51,69,500
12	लाहौल स्पिति	223	17,94,500
	कुल	**1,14,298**	**82,66,38,854**

- प्रशिक्षण संस्थानों तथा प्रशिक्षणों की गुणवता को सुनिश्चित करवाने के उदेश्य से स्वीकार्य एंव अस्वीकार्य प्रशिक्षण की गाईडलाईन्ज़/सूची तैयार की गई तथा इन गाईडलाईन्ज को सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है तथा यह विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध है।

- जिला स्तर पर उपायुक्तों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों, निजि क्षेत्र के संस्थानों (सूचना प्रोद्योगिकी/कम्पयूटर प्रशिक्षण संस्थानों के अलावा)/गैर–सरकारी संस्थानों को कौशल विकास भत्ता योजना के प्रयोजन से इन्पैनल करने हेतू, गठन किया गया है। जिला स्तरीय समितियों को इन संस्थानों की आधारभूत संरचना, अध्यापन निपुणता, प्रदान किए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवता आदि की जांच करने उपरान्त इम्पैनल करने हेतु प्राधिकृत किया गया है।

- लगभग 909 प्रशिक्षण संस्थानों/निकायों (लगभग 350 सरकारी संस्थाओं 355 सरकार से मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों और 204 प्रशिक्षण संस्थान जिन्हें कि जिला स्तरीय समितियों द्वारा इम्पैनल किया गया है) द्वारा करवाए जा रहे डिप्लोमा या प्रमाणपत्र प्रशिक्षण योजना के अर्न्तगत मान्य है। प्रशिक्षण संस्थानों/निकायों बारे सूचना भी विभागीय बैवसाईट पर भी उपलब्ध है।
- जिला स्तरीय समितियों द्वारा हि0प्र0 में 204 प्रशिक्षण संस्थानों को इम्पैनल किया गया है।
- कौशल विकास भत्ते के अन्तर्गत प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान व प्रशिक्षण कोर्स**:** कौशल विकास भत्ते के अन्तर्गर्त मुख्यतः (1) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलीटैक्नीकल

कॉलेजो़ं द्वारा दिए जा रहे परीक्षण व कोर्स, एन0एस0क्यू0एफ0 (NSQF), एन0सी0वी0टी0 (NCVT) एस0सी0वी0टी0 (SCVT) तथा सरकार द्वारा अनुमोदित परीक्षण व कोर्स,

(2) राष्ट्रीय होटल प्रन्धन कौसिंल से मान्यता प्राप्त होटल प्रन्धन व होस्पीटीलिटी में डिप्लौमा व सर्टिफिकेट प्रशिक्षण व कोर्स ,

(3) कम्पयूटर व सूचना प्रौद्योगिकी में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा करवाए जा रहे डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रशिक्षण, सरकार व इसके निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों और राष्ट्रीय स्तर के निजी क्षेत्र के संस्थान जिनमें कि राष्ट्रीय सूचना एंव प्रौद्योगिकी संस्थान (NIIT), एप्टैक (Aptech), जैटकिंग (Jetking), ए0आई0एस0ई0सी0टी0 (AISECT), हिन्दुस्तान कम्पयूटर्ज समिति (HCL) शामिल हैं द्वारा कम्पयूटर व सूचना प्रौद्योगिकी में करवाए जा रहे डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रशिक्षणों के अतिरिक्त,

(4) जिला स्तरीय समितियों द्वारा प्राधिकृत संस्थानों के मुख्यतः कटिंग टेलरिंग, ब्यूटीशियन, कढ़ाई बुनाई, फैशन डिज़ाइनिंग, सॉफ्ट टॉय मेकिंग, मोबाईल रिपैयर, चम्बा रुमाल ईम्ब्रोयडरी, मूर्ति कला, बैम्बू आर्टिकल, इलैक्ट्रीशियन, हैन्डलूम, शोर्ट हैन्ड टाइपिगं आदि में दिए जा रहे प्रशिक्षण जो कि युवाओं को स्वंय रोजगार उपलब्ध करवाने में सहायक हैं, योजना के अन्तर्गत मान्य है।

(5) नर्सिंग क्षेत्र में रोजगार की अधिक सम्भावनाओं के अनुरुप नर्सिंग में डिप्लौमा व सर्टिफिकेट प्रशिक्षण के अलावा बी0एसी0नर्सिंग एंव नर्सिंग में अन्य स्नातक प्रशिक्षणों जो सरकारी व सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से किया जा रहा हो को भी योजना के अर्न्तगत अप्रैल 2015 से शामिल किया गया है।

(ख) युवाओं के व्यवसायिक तथा जीविका मार्गदर्शन के लिये आर्दश जीविका केन्द्रों की स्थापना :–

(1) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में, जिला स्तर पर कैरियर मार्गदर्शन व काउन्सलिंग से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करने का निर्णय लिया गया है तथा जिला स्तर के सभी रोज़गार कार्यालयों को भी क्रमबद्ध तरीके से आदर्श जीविका केन्दों (Model Career Centers) में, भारत सरकार तथा एशियन डवैलपमैंट बैंक की सहायता से, परिवर्तित करने बारे प्रक्रिया चल रही है। जिला रोज़गार कार्यालय ऊना को आदर्श जीविका केन्द्र में परिवर्तित करने का कार्य लगभग अन्तिम चरण में है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा भी आदर्श जीविका केन्द्र ऊना जिसके लिए रू0 13,72,782 व शिमला के लिए रू0 16,75,500 का बजट अनुमोदित किया गया है। अन्य 10 जिला रोज़गार कार्यालयों को आदर्श जीविका केन्द्र में एशियन डवैलपमैंट बैंक की सहायता से क्रमबद्ध तरीके से परिवर्तित करना प्रस्तावित है।

रोज़गार कार्यालयों का आधुनिकीकरण जैसी परियोजना हिमाचल में पहली बार शुरू हो रही है। यह आदर्श जीविका केन्द्र, हिमाचल प्रदेश के स्कूलो, कॉलेजों तथा व्यायवसायिक प्रशिक्षण केंन्द्रों में कैरियर काउन्सलिंग की सेवाएं प्रदान करेंगे। मॉडल कैरियर सैन्टर ऊना में कैरियर काउन्सलिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए Young Professional की भी नियुक्ति की चुकी है जो जिला के बेरोज़गार युवाओं को आदर्श कैरियर काउन्सलिंग की सेवाएं प्रदान कर रहे है।

(2) श्रम एवं रोज़गार विभाग के अधीन इस समय चार व्यावसायिक मार्गदर्शन केन्द्र स्थापित हैं जिनमें से एक निदेशालय में स्थित राज्य व्यावसायिक मार्गदर्शन केन्द्र है तथा शेष तीन केन्द्र, क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय शिमला, मण्डी व धर्मशाला में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त दो विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र, पालमपुर व शिमला में स्थित हैं। इन केन्द्रों द्वारा रोज़गार के सन्दर्भ में आवेदकों का पंजीकरण व उनको व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने अधिसूचना संख्याःश्रम (एम्प) 16/6/93–1, दिनांकः31–1–2006 द्वारा जिला स्तर पर सूचना एंव मार्गदर्शन केन्द्रों की स्थापना उपायुक्त की अध्यक्षता में की है जिसका कार्य आवेदकों को राज्य के सरकारी/निजी क्षेत्र में रोजगार व स्व–रोज़गार सहायता प्रदान करना है। प्रदेश के प्रतिष्ठानों व शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक मार्गदर्शन कैम्पों का आयोजन किया जाता है। 1–4–2015 से 31–3–2016 तक इन व्यावसायिक केन्द्रों तथा अधीनस्थ रोज़गार कार्यालयों द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन से सम्बन्धित निम्न कार्य किये गयेः–

वर्ष 2015–16 में विभाग को व्यावसायिक मार्गदर्शन के लिये रू0 3,00,000/– का बजट आबंटित किया गया तथा इसी वित्त वर्ष में 155 व्यावसायिक मार्गदर्शन कैम्प आयोजित किये गये। (जिला रोज़गार अधिकारियों द्वारा 107 तथा उप–क्षेत्रीय रोज़गार अधिकारी, अनु0 जाति/अनु0 जन जाति हेतु अध्यापन सह मार्गदर्शन केन्द्र मण्डी द्वारा 48)। केन्द्र सरकार के सहयोग से जिला मुख्यालय मण्डी में अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जन–जाति के युवाओं के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिसमें हिन्दी व अंग्रेज़ी में टंकण, आशुलिपि तथा कम्पयूटर में निशुल्क प्रशिक्षण किया जाता है। इस वित्तिय वर्ष में 150 लोगों को प्रशिक्षिण दिया गया है। सरकार व विभाग की प्राथमिकताओं में युवाओं को आजीविका परामर्श/मार्गदर्शन सेवाएं प्रदान करना भी है, ताकि उन्हें अपनी पसन्द का रोज़गार प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके।

2 रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये सेवाएं

(क) रोज़गार शाखाः–

हिमाचल प्रदेश में इस समय 3 क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, 9 जिला रोजगार कार्यालय, 2 विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र व 55 उप रोज़गार कार्यालय कार्यरत हैं। ये रोज़गार कार्यालय अभ्यर्थियों/जनता को पंजीकरण, सेवा नियोजन, व्यावसायिक मार्गदर्शन सूचना देने में सहायता करते हैं व रोजगार बाजार सूचना भी एकत्रित करते हैं।

1–4–2015 से 31–3–2016 तक जिलावार रोज़गार कार्यालयों द्वारा किए गए कार्य का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

क्र॰ स॰	जिला	पंजीकरण	अधिसूचित रिक्तियॉ			सम्प्रेषण			सेवा नियोजन			सजीव पंजीका (पंजीकृत आवेदकों की संख्या)
			सरकारी क्षेत्र	निजि क्षेत्र	कुल	सरकारी क्षेत्र	निजि क्षेत्र	कुल	सरकारी क्षेत्र	निजि क्षेत्र	कुल	
1	बिलासपुर	14138	2	1	**3**	1597	1397	**2,994**	16	163	**179**	53,065

2	चम्बा	13003	2	—	**2**	1287	1394	**2,681**	9	934	**943**	56,577
3	हमीरपुर	15393	13	—	**13**	2596	7403	**9,999**	42	689	**731**	66,549
4	कांगड़ा	46724	356	58	**414**	3675	6825	**10,500**	154	793	**947**	184,281
5	किन्नौर	2190	4	—	**4**	412	8	**420**	—	—	—	9,498
6	कुल्लू	8435	20	325	**345**	169	734	**903**	4	13	**17**	44,265
7	लाहौल स्पिति	907	—	—	—	332	—	**332**	19	—	**19**	4,121
8	मण्डी	33971	21	—	**21**	3354	4519	**7,873**	71	390	**461**	160,387
9	शिमला	20561	842	16	**858**	937	1545	**2,482**	128	60	**188**	79,077
10	सिरमौर	12957	202	268	**470**	229	4239	**4,468**	—	43	**43**	57,645
11	सोलन	14455	34	614	**648**	994	6133	**7,127**	4	381	**385**	53,032
12	ऊना	17158	35	557	**592**	3064	3316	**6,380**	81	246	**327**	59,551
	जोड़	**1,99,892**	**1,531**	**1,839**	**3,370**	**18,646**	**37,513**	**56,159**	**528**	**3,712**	**4,240**	**8,28,048**

शिक्षावार विभाजन

स्नातकोत्तर	69,355
स्नातक	1,16,233
दसवीं व उपर स्नातक से कम	5,91,197
दसवीं से कम पढे लिखे	50,492
अनपढ़	771
कुल योग	**8,28,048**

जाति वार विभाजन

अनुसूचित जाति	1,89,651
अनुसूचित जन जाति	43,933
ओ॰बी॰सी॰	93,475
अन्य	5,00,989
कुल योग	**8,28,048**

स्त्री/पुरूष विभाजन

पुरूष	4,74,050
स्त्री	353,998
कुल योग	**8,28,048**

शहरी ग्रामीण विभाजन

शहरी	1,63,215
ग्रामीण	6,64,833
कुल योग़	**8,28,048**

(ख) **श्रम एवं रोज़गार निदेशालय में स्थापित विशेष रोज़गार कार्यालय (अंपगों हेतु), द्वारा वर्ष 2015–16 में किये गये कार्यकलापों का विवरणः–**

सरकार द्वारा विकलांग व्यक्तियों को रोज़गार सहायता प्रदान करने हेतु श्रम एवं रोज़गार निदेशालय में प्रभारी अधिकारी (स्थापना) के अधीन वर्ष, 1976 में विशेष रोज़गार कार्यालय (अपंगों हेतु) की स्थापना की गई है। समाज के इस कमजोर वर्ग को कई प्रकार की सुविधाऐं/रियायतें दी गई है जैसे कि मैडिकल बोर्ड द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षा, सरकारी नौकरियों में उपरी आयु–सीमा में 5 वर्ष की छूट,उपरी अंगों की (हाथ तथा बाजु) अपंगता होने पर टंकण करने की छूट तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों में 3 प्रतिशत का आरक्षण आरक्षित व्यक्तियों के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अपंग तथा उसके अनुरक्षकों को यात्रा–भत्ता देने का प्रावधान, केवल महिलाओं के लिए खोले गए औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान (गर्ल्ज आईटीआई) सिलाई व कढ़ाई केन्द्र टेलरिंग सैंन्टर में 5 प्रतिशत सीटों का आरक्षण तथा 200 रोस्टर प्वाईंट में आरक्षण का निर्धारण जो कि पहला 30वां, 73वां, 101वां, 130वां व 173वां है। क्रमशः दृष्टिदोष अपंग, श्रवण एंव वाक अपंग तथा अस्थि अपंग व्यक्तियों के लिये किया जाता है। व्यक्ति जिनमें अक्षमतायें हैं, अधिनियम, 1995 के तहत नियोक्ताओं के अभिलेख, रोस्टर प्वांईट को चैक करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। 1–4–2015 से 31–03–2016 तक 1471 अपंग व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया जिसके साथ सक्रिय रजिस्टर पर रोजगार सहायता प्राप्त करने के हेतू अपंग आवेदकों की संख्या 16,927 हो गई है।

38 अपंग व्यक्तियों की नियुक्ति हुई है। 116 आरक्षित रिक्तियां अधिसूचित हुई है जिसके प्रति 122 अपंग प्रत्याशियों के नाम सम्प्रषित किये गये है।

विशेष रोज़गार कार्यालय (अंपगों हेतु), द्वारा वित्त वर्ष 2015–16 में किये गये कार्यकलापों का विवरण

क्र0सं0	पंजीकरण	अधिसूचित आरक्षित रिक्तियॉ	नियुक्तियों के विरूद्व सम्प्रेषण	सेवा नियोजन	सजीव पंजीका
1	1471	116	122	38	16,927

(ग) केन्द्रीय रोज़गार कक्ष की गतिविधियॉः–

दिनांक 01–04–2015 से 31–03–2016 तक केन्द्रीय_रोज़गार कक्ष द्वारा किये कार्य का लेखा जोखाः–

हिमाचल प्रदेश के इच्छुक युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाने की कड़ी में केन्द्रीय रोज़गार कक्ष ने वर्ष, 2015–16 में अपने कार्यों को विस्तार देने की कोशिश की

है। हिमाचल प्रदेश में स्थित निजि क्षेत्र के नियोक्ताओं की जन–शक्ति की मांग को पूरा करने के प्रयास किये गये। हिमाचल प्रदेश के दूर दराज श्रेत्रों में स्थित रोज़गार कार्यालयों में कैम्पस इन्टरव्यू (एक नियोक्ता के लिए) करवाये गये ताकि निजि श्रेत्र में कामगारों की मांग को पूरा किया जा सकें। जिसका ब्यौरा निम्नलिखित से हैः–

वर्ष	कैम्पस इन्टरव्यू	सेवा नियोजन
2015–16	227	3034

इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश में रोज़गार मेलों (एक से अधिक नियोक्ताओं के लिए) का आयोजन किया गया है जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है।

वर्ष	रोज़गार मेलों की संख्या	सेवा नियोजन
2015–16	06	3069

हिमाचल प्रदेश में स्थापित उद्योगों तथा हाईड्रोइलैक्ट्रिक प्रोजैक्टों में हिमाचलियों को 70 प्रतिशत रोज़गार की मोनिटरिंगः विभाग के क्षेत्रीय रोज़गार अधिकारी/जिला रोज़गार अधिकारी/श्रम अधिकारी तथा श्रम निरीक्षकों को निर्देश जारी किये गये हैं कि वे अपनी सामान्य निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान उद्योगों तथा जल विद्युत परियोजनाओं में 70 प्रतिशत हिमाचलियों को रोज़गार के विषय को भी देखेंगें। जिन उद्योगों तथा जल–विद्युत परियोजनाओं में 70 प्रतिशत से कम हिमाचलियों को रोज़गार दिया गया है उनकी सूचना उद्योग विभाग तथा एम0पी0पी0 एण्ड पावर विभाग को भेजी जाती है। अभी तक 175 उद्योगों तथा 23 जल विद्युत परियोजनाओं, जिनमें 70 प्रतिशत से कम हिमाचलियों को रोज़गार दिया गया है की सूचना उद्योग विभाग तथा एम0पी0पी0 एण्ड पावर विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजी गई है।

(घ) रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रमः–

रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम के अर्न्तगत रोज़गार कार्यालय सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के रोज़गार से सम्बन्धित सूचना नियमित रुप से एकत्रित करते हैं। रोज़गार बाज़ार सूचना कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रदेश में जिला स्तर पर रोज़गार के आंकड़े वर्ष 1960 से एकत्रित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारतीय अर्थ व्यवस्था के संगठित क्षेत्र को ही व्यक्त करता है। जो कि अन्य बातों के साथ–साथ सार्वजनिक क्षेत्र के सभी प्रतिष्ठानों व निजि क्षेत्रों के उन नियोक्ताओं जिनके पास 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, और कृषि कार्यक्रम से सम्बन्धित नहीं हैं, उनसे यह सूचना एकत्रित की जाती है। रोज़गार के आंकड़े सार्वजनिक श्रेत्र के सभी नियोक्ताओं और निजि श्रेत्र के उन नियोक्ताओं जिनके पास 25 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है, और जो कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित नहीं हो, से ऑकड़े रोज़गार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 तथा उसके अर्न्तगत नियम, 1960 के तहत एकत्रित किये जाते हैं। रोज़गार के आंकडे. निजि श्रेत्र के छोटे प्रतिष्ठानों, जिसके पास 10 से 24 कर्मचारी कार्यरत है, से स्वैच्छिक आधार पर एकत्रित किए जाते है। इस विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है, कि हिमाचल प्रदेश में स्थापित निजि क्षेत्र की ईकाईयों में अधिक से अधिक हिमाचली युवाओं को रोज़गार प्राप्त हो । रोज़गार कार्यालय द्वारा निजि क्षेत्र की विशेषकर नई ईकाईयों से सम्पर्क स्थापित किया जाता है, व उन्हें रोज़गार कार्यालयों (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 तथा नियम, 1960 के अर्न्तगत अनिवार्य रूप से रिक्तियों को

अधिसूचित करने बारे सूचित किया जाता है। इस अवधि के दौरान हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के कुल 217 निरीक्षण किए गए हैं।

निजी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	कुल निरीक्षण
95	122	217

रोज़गार बाज़ार सूचना कार्यक्रम के अर्न्तगत रोजगार की स्थिति का विशलेषण विभाग द्वारा समय–समय पर भारत सरकार को भेजी गई विवरणियों में किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

अवधि त्रैमासान्त	प्रतिष्ठानों की संख्या		अनुमानित रोजगार	
	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र
त्रैमासान्त मार्च / 14	4195	1724	272141	145921
त्रैमासान्त मार्च / 15	4243	1707	282656	152526

सार्वजनिक क्षेत्र के पांच अंगों में त्रैमासान्त मार्च, 2015 में नियोक्ताओं की संख्या एंव अनुमानित रोज़गार

अवधि त्रैमासान्त	केन्द्रीय सरकार		राज्य सरकार		अर्ध–सरकारी केन्द्रीय		अर्ध–सरकारी राज्य		स्थानीय नियोक्ता	
	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्याा	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार
मार्च / 14	123	11329	2755	195646	749	19444	505	42063	63	3659
मार्च / 15	124	11278	2793	207258	757	20060	506	40454	63	3606

निजी क्षेत्र में त्रैमासान्त 2015 में नियोक्ताओं की संख्या एंव अनुमानित रोजगार

अवधि त्रैमासान्त	अधिनियमित संस्थान		लघु संस्थान	
	25 या अधिक कर्मचारी वाले संस्थान		10 से 24 कर्मचारियों वाले संस्थान	
	प्रतिष्ठानों की संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठानों की संख्या	अनुमानित रोजगार
त्रैमासान्त मार्च / 14	1112	136555	612	9366
त्रैमासान्त मार्च / 15	1108	142918	599	9608

सार्वजनिक श्रेत्र एवं निजि क्षेत्र में त्रैमासान्त मार्च, 2015 में औद्यौगिक वर्गीकरण में संस्थानों की संख्या एंव अनुमानित रोजगार

		सार्वजनिक क्षेत्र		निजी क्षेत्र	
क्र0 सं0	**व्यवसाय**	**संस्थानों की संख्या**	**अनुमानित रोजगार**	**संस्थानों की संख्या**	**अनुमानित रोजगार**
1.	कृषि, शिकार, वानिकी, मतस्य शिकार एंव पशु व्यवसाय	163	16537	12	495
2.	खनिज एंव खाद्य	5	79	1	51
3.	उत्पादन	46	1642	1085	121664
4.	विद्युत, गैस एंव जल	169	32741	49	4673
5.	निर्माण	138	39650	16	1998
6.	थोक, व्यक्तिगत एवं घर–गृहस्थी सामान एंव परचून व्यापार	27	921	41	1814
7.	यातायात एंव भण्डार	46	12800	7	310
8.	होटल एंव रेस्तरां	13	740	128	4225

9.	सूचना एंव संचार	16	4051	16	1342
10.	वित्तिय बीमा	891	13303	24	514
11.	असली सम्पदा, व्यवसायिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यकलाप	88	5067	2	50
12.	लोक प्रशासन, रक्षा, सामाजिक एंव व्यक्तिगत समस्यायें	681	51842	1	20
13.	शिक्षा	1707	82495	305	13925
14.	स्वास्थ्य एंव सामाजिक कार्य	207	20110	20	1445
15.	कला, मनोरंजन, अन्य समाजिक एंव व्यक्तिगत सेवायें	46	678	0	0
	कुल	4243	282656	1707	152526

वर्ष 2015–16 के दौरान संगठित क्षेत्र में रोज़गार के त्वरित अनुमान।

विवरण–1

त्रैमासान्त मार्च, 2015 के दौरान रोज़गार।

त्रैमासान्त मार्च 2015 को कुल रोज़गार			त्रैमासान्त दिसम्बर, 2014 को कुल रोज़गार
सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
282656	152526	435182	427176

विवरण—2

औसत महिला रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च 2015 को कुल रोज़गार			त्रैमासान्त दिसम्बर, 2014 को कुल रोज़गार
सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
67217	23076	90293	89377

विवरण—3

कुल औसत तुलनात्मक रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च,2015 को कुल रोज़गार		गत वर्ष के त्रैमास के अनुसार वर्तमान त्रैमासान्त में प्रतिशत परिवर्तन
त्रैमासान्त 31—03—2014 को कुल रोज़गार	त्रैमासान्त 31—03—2015 को कुल रोज़गार	
418062	435182	4.09

विवरण—4

औसत तुलनात्मक महिला रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च, 2015 को कुल रोज़गार		गत वर्ष के त्रैमास के अनुसार वर्तमान त्रैमासान्त में प्रतिशत परिवर्तन
त्रैमासान्त 31—03—2014 को कुल महिला रोज़गार	त्रैमासान्त 31—03—2015 को महिला रोज़गार	
85584	90293	5.50

3. रोज़गार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं

श्रम कानूनों जिनकी संख्या 28 (केन्द्रीय एवं राज्य) है, के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा कारखानों में औद्योगिक शान्ति, सोहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करनाः—यह सेवाएं श्रम विभाग के श्रम खण्ड के माध्यम से प्रदान की जाती है।

अध्याय–4

श्रम खण्ड

हिमाचल प्रदेश में श्रम खण्ड का कार्य, 26 केन्द्रीय तथा 2 राज्य श्रम अधिनियमों एंव नियम के प्रावधानों को प्रदेश में लागू करना है। इन श्रम कानूनों में कारखानों, विभिन्न संस्थानों एंव विभिन्न निर्माण कार्यों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा इत्यादि के विस्तृत रूप में प्रावधान किये गये हैं। इन कारखानों/संस्थानों में औद्योगिक शान्ति, सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध, गुणवत्ता, उत्पादकता को सुनिश्चित करने और इन क्षेत्रों में विकास/उन्नति सुनिश्चित करने के भी प्रावधान किये गये हैं। कामगारों को सक्षम सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन प्राप्त हो, बाल श्रमिक एंव बन्धुआ मज़दूरी पर रोक लगे, इस सम्बन्ध में भी प्रावधान है। इन सबको सुनिश्चित करने के लिये श्रम विभाग के अधिकारी एंव निरीक्षक समय समय पर निरीक्षण करते हैं। अवहेलना करने वालों के विरूद्व सक्षम न्यायालयों में अभियोग चलाये जाते हैं। औद्योगिक शान्ति बनाये रखने के लिये कामगारों एंव संस्थान मालिकों/प्रबन्धकों के मध्य हस्तक्षेप करते हैं एंव उचित परामर्श देते हैं तथा जो भी शिकायतें विभिन्न स्तर पर प्राप्त होती हैं उनका निवारण भी करते हैं। श्रम खण्ड में ही कारखाना शाखा भी है जिसके द्वारा कारखाना अधिनियम,1948 एंव उसके अर्न्तगत बनाये गये नियमों के अर्न्तगत कारखानों का पंजीकरण, नवींनीकरण और कामगारों की सुरक्षा, दुर्घटनायें रोकने और उनकी सेवा शर्तों का कार्यान्वयन, सुनिश्चित किया जाता है।

औद्योगिक सम्बन्ध तथा सामान्य श्रम स्थिति

औद्योगिक सम्बन्धों का महत्वपूर्ण स्थान है। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि तब तक पूर्ण रूप से नहीं हो सकती है, जब तक मालिकों और श्रमिकों में सहयोग एवं मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध न हों। औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947 के अर्न्तगत समझौता व्यवस्था, औद्योगिक विवादों को रोकने तथा निपटाने में और औद्योगिक शान्ति स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण साधन है। 10 जिला मुख्यालयों पर स्थित श्रम अधिकारियों को समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रम अधिकारी (परियोजना) रामपुर बुशैहर और श्रम अधिकारी बद्दी को भी अपने–अपने क्षेत्र के लिये समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में जहां श्रम अधिकारी के पद सृजित नहीं हैं वहां पर जिला रोज़गार अधिकारियों को समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। जहां पर कामगारों की संख्या 200 या उससे कम हो, श्रम निरीक्षक भी समझौता अधिकारी के रूप में औद्योगिक विवादों को निपटाने का कार्य करते हैं। जहां पर उपरोक्त अधिकारियों द्वारा औद्योगिक विवादों का समझौता न हो पाये, वहां पर श्रम अधिकारी, उप–श्रमायुक्त/संयुक्त–श्रमायुक्त और श्रमायुक्त औद्योगिक विवादों को निपटाने में हस्तक्षेप करते हैं। इसके अतिरिक्त औद्यौगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 3 के अर्न्तगत, जहां पर 100 या इससे अधिक कामगार कार्यरत हों, उन संस्थानों द्वारा वर्कस कमेटी का गठन करना अनिवार्य है। ये वर्कस कमेटियॉ भी औद्योगिक शान्ति बनाने में सहायक सिद्ध होती है। इन कमेटियों में प्रबन्धकों और कामगारों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं। सामान्यतः वर्ष 2015–2016 में हिमाचल प्रदेश की श्रम स्थिति संतोषजनक रही है ।

31.3.2016 तक श्रम खण्ड में विभिन्न श्रम अधिनियमों के अर्न्तगत कुल पंजीकृत संस्थानों की संख्या और उनमें कार्य कर रहे प्रस्तावित कर्मचारियों का ब्यौरा निम्नलिखित हैः–

क्रमांक	अधिनियम का नाम	पंजीकृत संस्थानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1.	कारखाना अधिनियम, 1948	4913	3,21,382
2.	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्करज अधिनियम, 1961	126	7,745
3.	ट्रेड यूनियनज अधिनियम,1926	1321	14,644
4.	बागान श्रम अधिनियम, 1951	13	203
5.	अर्न्तराज्य प्रवासी कामगार अधिनियम,1979 (क) प्रमुख नियोक्ता	132	20,626
	(ख) ठेकेदार	147	5,542
6.	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 (क) प्रमुख नियोक्ता	1,496	1,70,465
	(ख) ठेकेदार	9,200	3,18,534
7.	कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम,1952	9,807	12,40,278
8.	कर्मचारी राज्य बीमा योजना अधिनियम, 1948	6,539	2,35,306

सांख्यिकीय विवरण

श्रम खण्ड की वित्तिय वर्ष 2015–16 तक की उपलब्धियों / कार्यों का ब्यौरा नीचे दी गई तालिकाओं पर वर्णित है। विभिन्न श्रम अधिनियमों के अर्न्तगत किए निरिक्षणों, सक्षम न्यायलयों में दायर अभियोगों की संख्या, न्यायलय द्वारा निर्णित अभियोगों की संख्या एंव दण्डित किये जाने पर जुर्माने की राशि का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया हैः–

तालिका–1

क्रमांक	अधिनियम का नाम	1.4.2015 से 31.3.2016 तक किये गये निरीक्षणों की संख्या	1.4.2015 से 31.3.2016 तक न्यायालय में दायर किये गये चालानों की संख्या	1.4.2015 से 31.3.2016 तक न्यायालय द्वारा निर्णित मामलों की संख्या	जुर्माने की राशि (रूपये)
1	कारखाना अधिनियम,1948				
		1288	96	116	1461700
2	दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम,1969				
		8733	1536	1463	1641150
3	प्रसूति लाभ अधिनियम,1961				
		573	5	3	15000
4	न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948				
		4086	418	333	306950
5	वेतन भुगतान अधिनियम, 1936				
		3947	328	243	550450
6	बागान श्रम अधिनियम,1951				
		18	0	0	0
7	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970				
		1137	59	74	119200
8	बोनस भुगतान अधिनियम, 1965				
		1035	12	13	9700
9	उपादान भुगतान अधिनियम,1972				
		1276	69	68	611000
10	औद्योगिक रोज़गार (स्थाई आदेश) अधिनियम,1946				
		490	0	0	0
11	हिमाचल प्रदेश औद्योगिक संस्थान (राष्ट्रीय त्यौहार के अवकाश आक्स्मिक एवं चिकित्सा अवकाश) अधिनियम,1969				
		1187	13	18	5700
12	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्करज़ अधिनियम,1961				
		64	1	1	500
13	अर्न्तराज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम,1979				
		273	58	48	38400
14	बाल श्रमिक (निषेद्ध एंव विनियम) अधिनियम,1986				
		4344	13	6	60000
15	समान वेतन अधिनियम, 1976				
		526	3	0	0
16	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगारों(रैगुलेशन ऑफ एम्पलायमैंट एण्ड कन्डिशन ऑफ सर्विस) अधिनियम,1996				
		874	52	77	141850
	कुल	29851	2663	2463	4961600

तालिका–2

उपादान अदायगी अधिनियम,1972

क्रमांक	31.3.15 तक के पिछले अनिर्णित मामले	01.04.2015 से 31.03. 2016 तक प्राप्त मामले	कुल मामलों की संख्या (खाना संख्या 2 एंव 3)	31.3.16 तक निर्णित मामलों की संख्या	31.3.2016 तक अनिर्णित मामलों की संख्या
1.	2	3	4	5	9
(क) नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा निपटाए गए मामलें	83	132	215	87	128
(ख) एपीलैट अथोरिटी द्वारा निपटाई गई अपीलों का ब्यौरा	28	9	37	27	10

नोटः– वर्ष 2014–15 में पिछले अनिर्णित मामलों की वास्तविक संख्या 31 थी, जबकि मुद्रण में 34 मुद्रित हैं, जो कि इस वर्ष सही कर दी गई है।

तालिका–3

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

क्रमांक	31.3.2015 को लम्बित मांग पत्रों की संख्या	1.4.2015 से 31.3. 2016 तक प्राप्त मांग पत्रों की संख्या	कुल मांग पत्रों की संख्या खाना संख्या (2 एंव 3)	समझौते के दौरान धारा 12(3) के तहत निपटाये गये मामले	असफल मामलों की संख्या जो 12(4) के अधीन भेजे गयें	31.3.2016 को लम्बित मांग पत्रों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7
	536	1440	1976	637	638	701

तालिका–4

औद्योगिक रोज़गार (स्टैंडिग आर्रडरज़) अधिनियम,1946

क्रमांक	अधिनियम के अर्न्तगत आने वाले संस्थान	स्टैंडिंग आर्रडरज़ जिनको 31.03.2016 तक प्रमाणित करवा लिया गया है।
1	2368	292

तालिका–5
हि0 प्र0 दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम,1969

क्रमांक	अधिनियम के अधीन बाज़ारों की संख्या	31.3.2016 के अन्त में दुकानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या	31.3.16 के अन्त में वाणिज्य संस्थानों की संख्या	31.3.16 तक प्रस्तावित कामगारों की संख्या	31.3.16 तक कुल संस्थानों की संख्या	31.03.2016 के कुल प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1	121	67475	29409	13100	24120	80575	53529

तालिका–6
निम्न अधिनियमों में प्राप्त शिकायतें

क्रमांक	अधिनियम का नाम	31.3.2015 को लम्बित शिकायतों की संख्या	1.4.2015 से 31.3.16 तक प्राप्त शिकायतों की संख्या	योग (खाना संख्या 3 एंव 4)	श्रम निरीक्षकों द्वारा निर्णित शिकायतों की संख्या	श्रम निरीक्षकों द्वारा भुगतान करवाई गई धनराशि (रू0) में	लाभान्वित कामगारों की संख्या	31.3.2016 को अनिर्णित मामलों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	वेतन भुगतान अधिनियम, 1936	365	1243	1608	1185	1,39,30,707	1292	423
2.	हि0प्र० दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969	4	9	13	11	12450.00	19	2
3.	हि० प्र० लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों के श्रमिकों का विनियम	10	7	17	13	351600.00	93	4
4.	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	0	2	2	2	0	2	0

तालिका–7

कारखाना अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत दिनांक 1.4.2015 से 31.3.2016 तक किये गये कार्य का विवरण

31.3.2015 तक पंजीकृत कारखानों की संख्या	1.4.2015 से 31.3.2016 तक पंजीकृत नये कारखानों की संख्या	31.3.2016 को कुल पंजीकृत कारखानों की संख्या	31.3.2016 को कुल पंजीकृत कारखानों में प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1.	**2.**	**3.**	**4.**
4861	52	4913	3,21,382

औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अर्न्तगत निदेशालय स्तर पर 31.3.2015 को 676 विवाद सन्दर्भ हेतु लम्बित थे। वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान 679 विवाद उक्त अधिनियम की धारा 12(4) के अर्न्तगत निदेशालय में प्राप्त हुये, अतः कुल विवाद 1355 हो गये। इस वित्त वर्ष के दौरान 246 औद्योगिक विवाद विभिन्न श्रम न्यायालयों को न्याय निर्णय हेतु भेजे गये तथा उक्त अधिनियम की धारा 12(5) के अर्न्तगत 399 निरस्त किये गये, तथा 31.3.2016 को 710 औद्योगिक विवाद शेष हैं। माननीय उच्च न्यायलय के आदेशनुसार जिन औद्योगिक विवादों को श्रम न्यायलयों को न्याय निर्णय हेतू पूर्व में नहीं भेजा गया था उनमें से 447 औद्योगिक विवादों को माननीय उच्च न्यायलय के आदेशानुसार न्याय निर्णय हेतू भेजा गया।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न श्रम अधिनियमों के अन्तर्गत निम्नलिखित बोर्ड और समितियों का समय–समय पर गठन किया जाता हैः–

क्रमांक	अधिनियम का नाम	बोर्ड / समिति का नाम	गठन का उद्देश्य
1	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अधीन अनुसूचित व्यवसायों में न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन / पुनः निर्धारण बारे में सरकार को परामर्श देना।
2	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अधीन अनुसूचित व्यवसायों में न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन / पुनः निर्धारण बारे में सरकार को परामर्श देना।
3	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम,1970	राज्य सलाहकार श्रम ठेका बोर्ड	ठेकेदारी वर्ग पद्वति पर जहाँ पर सम्भव हो सके, रोक लगाना, और जहां रोक लगाना सम्भव न हो, इस प्रथा का विनियम करना और इस सम्बन्ध में अपनी सिफारिशें सरकार को देना।

4	बन्धुआ मजदूर (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1976	जिला तथा सभी उप मण्डल स्तरों पर सर्तकता समितियां	बन्धुआ मजदूर प्रथा को समाप्त करना, उन्मूलन/पुर्नवास सम्बन्धित कार्यवाही ।
5	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगूलेशन ऑफ एम्पलायमैन्ट एण्ड कन्डिशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	राज्य स्तरीय बोर्ड	हि0 प्र0 भवन एंव अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत कामगारों के कल्याण के लिये हि0 प्र0 भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगार बोर्ड का गठन किया गया है।
6	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगूलेशन ऑफ एम्पलायमैन्ट एण्ड कन्डिशन ऑफ सर्विस) एक्ट, 1996	राज्य स्तरीय समिति	इस अधिनियम के अर्न्तगत प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा समिति का गठन किया गया है जो समय–समय पर राज्य सरकार को परामर्श देगी।

न्यूनतम वेतन

न्यूनतम वेतन निर्धारण व पुनः निर्धारण, न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत होता है। हिमाचल प्रदेश सरकार उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समय–समय पर न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड एंव न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति का पुर्नगठन करती रही है। इसका उद्देश्य सरकार को विभिन्न व्यवसायों में न्यूनतम वेतन की दरों में निर्धारण एवं संशोधन करने में परामर्श देना है। हिमाचल प्रदेश सरकार नें 19 अधिसूचित व्यवसायों में से 11 अधिसूचित व्यवसायों में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में वित्तीय वर्ष 2015–16 में न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति के परामर्श के पश्चात इन समस्त अनुसूचित व्यवसायों में अकुशल श्रमिकों के वेतन की न्यूनतम दर 180/–रू0 प्रतिदिन या रू0 5400/– प्रतिमाह प्रथम मई 2015 से निर्धारित किया है, जो कि पिछले न्यूनतम वेतन से 10रूपए अधिक है। अर्ध कुशल, कुशल तथा उच्च कुशल कामगारों के वेतन में भी 10 रूपए प्रतिदिन की दर से बढ़ोतरी की है। जिन अनुसूचित व्यवसायों में बढ़ोतरी की है वे निम्न प्रकार से हैं:–

1. कृषि
2. सड़क और भवन निर्माण पत्थर पिसाई/क्रशिंग/पत्थर तुड़ान
3. फौरेस्टरी एंव टिम्बरिंग आप्रेशन
4. पब्लिक मोटर ट्रांसपोर्ट
5. दुकान एंव वाणिज्य संस्थानों के व्यवसाय
6. रसायन और रसायन उत्पाद
7. इन्जीनियरिंग उद्योग
8. चाय बागान
9. विनिर्माण क्रिया में नियोजन जो कि कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा–2 के खण्ड (क) में परिभाषित।
10. होटल/रेस्तरां
11. निजि शैक्षणिक संस्थान।

उपरोक्त 11 अधिसूचित व्यवसायों के अतिरिक्त 8 नए अधिसूचित व्यवसाय अधिसूचना दिनांकः 07.09.2015 द्वारा अधिसूचित किए गए हैं तथा इन नए अधिसूचित व्यवसायों के सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार न्यूनतम वेतन निर्धारण अधिसूचना दिनांक 01.10.2015 से किया गया है। 8 नए अधिसूचित व्यवसायों का विवरण निम्न प्रकार से है:–

1. हाइड्रो विधुत परियोजनाएं
2. फार्मास्यूटिकल उघोग
3. अस्पताल, नर्सिग होम एवं कलीनिक
4. घरेलू कामगार।
5. सफाई कर्मचारी नियोजन।
6. सुरक्षा सेवाएं
7. मंदिर और धार्मिक स्थान/धर्मशालाएं,
8. टोल टैक्स बैरियरों में कार्यरत कामगार

अतः अब न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत अधिसूचित व्यवसायों की संख्या 19 हो गई है।

1. इसके अतिरिक्त सुरंग के अन्दर कार्यरत कामगारों को मजदूरी की न्यूनतम वेतन की दरों पर 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देय है।

2. हिमाचल प्रदेश के गैर जन–जातीय क्षेत्रों में 'निर्माणाधीन जल–विद्युत परियोजनाओं' में कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को न्यूनतम वेतन पर 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी देय है।

3. हिमाचल प्रदेश के जन–जातीय क्षेत्रों में कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को न्यूनतम वेतन पर 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी देय है अगर निर्माणाधीन जल–विद्युत परियोजनाऐं/जन जातीय क्षेत्र में है तो इसमें कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को न्यूनतम वेतन दरों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त बढ़ोतरी देय है।

4. महिला–पुरूष कामगारों को समान कार्य के लिये (व्यस्क या अव्यस्क) एक समान वेतन निर्धारण किया गया है।

उपरोक्त सभी अनुसूचित व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को न्यूनतम वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये सरकार ने श्रम खण्ड के अधिकारियों एवं निरीक्षकों के अतिरिक्त समस्त तहसीलदारों (महाल) एवं जिला रोज़गार अधिकारियों को तथा सांख्यिकीय सहायक (श्रम) को भी ''निरीक्षक'' नियुक्त किया है। यदि निरीक्षक स्तर पर न्यूनतम वेतन एंव वेतन भुगतान सम्बन्धी शिकायतों का समय पर निपटारा नहीं होता है तो सरकार ने अपने–अपने क्षेत्रो में सभी न्यायिक दण्डाधिकारी (मैजिस्ट्रेटों)/सिविल न्यायधीशों को न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 के अर्न्तगत सुनवाई करने और निर्णय करने के लिये प्राधिकारी नियुक्त किया है ताकि वे न्यूनतम वेतन सम्बन्धी वेतन दावों का निपटारा कर सकें।

कामगारों को समय–समय पर देय वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने अपने अपने क्षेत्रों में सभी न्यायिक दण्डाधिकारी (मैजिस्ट्रेटों)/सिविल न्यायधीशों को वेतन भुगतान अधिनियम,1936 के अर्न्तगत प्राधिकारी नियुक्त किया है, जिसके फलस्वरूप प्रभावित कामगार अपनी शिकायत दायर करके निपटारा करवा सके।

बन्धुआ मजदूरों के पुर्नवास के लिये योजना बनाना

बन्धुआ मजदूरों के पुर्नवास के लिये योजना बनाई गई है। बन्धुआ मजदूर अधिनियम, 1976 की धारा 13 के अन्तर्गत सभी जिला तथा उप मण्डल स्तर पर बन्धुआ मजदूरी से सम्बन्धित शिकायतों का निपटारा करने के लिये सर्तकता समितियों का गठन किया गया है। प्रदेश के बन्धुआ मजदूरों के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिनकी जॉच उपरान्त प्रदेश के सभी जिलाधीशों से प्राप्त सूचना के अनुसार माह दिसम्बर 2015 तक कुल 15 कामगार बन्धुआ मजदूर पाए गए जिनमें से 11 पुरूष एवं 4 महिला बन्धुआ मज़दूर पाए गए एंव सभी को बन्धुआ मजदूरी से रिहा करवा दिया गया है।

बाल श्रमिकों का उन्मूलन कार्यक्रम

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बाल श्रमिक प्रथा के उन्मूलन के लिये अपने विभाग के अतिरिक्त प्रदेश के 10 अन्य विभागों के अधिकारियों को बाल श्रमिक अधिनियम, 1986 के अन्र्तगत निरीक्षक की शक्तियॉ प्रदान की गई हैं, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:—

क्रम संख्या	अधिकारी का नाम/पद	विभाग का नाम
1.	समस्त उप—मण्डल अधिकारी, हि0प्र0	राजस्व
2.	आयुक्त, नगर निगम, शिमला	स्थानीय निकाय
3.	समस्त खण्ड विकास अधिकारी, हि0प्र0	आर.डी. व पंचायती राज
4.	समस्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार, हि0प्र0	राजस्व
5.	समस्त महा—प्रबन्धक/ प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, हि0प्र0	उद्योग
6.	समस्त श्रम अधिकारी, हि0प्र0	श्रम एंव रोजगार
7.	समस्त जिला रोजगार अधिकारी, हि0प्र0	—उक्त—
8.	समस्त कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद/नगर पंचायत हि0प्र0	स्थानीय निकाय
9.	समस्त हैड कॉस्टेबल एंव उससे उपर के पुलिस अधिकारी, हि0प्र0	पुलिस
10.	समस्त जिला/तहसील कल्याण अधिकारी, हि0प्र0	समाजिक न्याय एवं अधिकारिता
11.	समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, हि0प्र0	—उक्त—
12.	सम्स्त बाल विकास एवं परियोजना अधिकारी, हि0प्र0	—उक्त—
13.	समस्त पंचायत निरीक्षक, हि0प्र0	आर.डी. व पंचायती राज
14.	समस्त जिला/सहायक पर्यटन विकास अधिकारी, हि0प्र0	पर्यटन
